# नकली पान मसाला और तंबाकू बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

Publish Date:Wed, 25 Sep 2019 04:54 PM (IST)



देवऋषि एनक्लेव में चल रही नकली पान मसाला बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

**देहरादून, जेएनएन।** पटेलनगर के देवऋषि एनक्लेव में चल रही नकली पान मसाला बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। फैक्ट्री से एक कंपनी के पान मसाला के 3105 पाउच और तंबाकू के तीन बड़े रोल के साथ निर्माण में लगने वाले उपकरण आदि बरामद किए गए हैं। इंस्पेक्टर सूर्यभूषण नेगी ने बताया कि देवऋषि एनक्लेव से कई दिनों से सूचना आ रही थी कि यहां गली नंबर दस के एक मकान में गुपचुप तरीके से पान मसाला तैयार किया जा रहा है। यहां अक्सर रात को काम होता है और रात में माल सप्लाई के लिए भेज दिया जाता है। मंगलवार को मकान पर छापा मारा गया तो एक कमरे में पान मसाला औरतंबाकू के कई पैकेट मिले।



वहीं, पान मसाला निर्माण में लगने वाली सामग्री भी बरामद की गई। यहां से मोहित सिंघल निवासी मोरीगंज सिटी कोतवाली, सहारनपुर और के पूर्णचंद्र निवासी चिंतापल्ली तिरला मंडल, चितौड़ मध्य प्रदेश के रूप में हुई। दोनों के पास पान मसाला निर्माण के संबंध में कोई लाइसेंस नहीं मिला। दोनों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादक अधिनियम 2003 और आइपीसी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

Posted By: **Raksha Panthari**

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/dehradun-city-police-arrested-two-with-fake-paan-masala-and-tobacco-19611920.html